RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 169 | SUNDAY DATE 12-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

### गुस्ताखी माफ

आम आदमी कौन अब, पैदल चलता यार।
हर बंदे के पास है, अपनी बाइक-कार।
अपनी बाइक-कार, गेड़ियां सभी लगाते।
केवल करने सैर, लोग अब पैदल आते।
कह साहिल कविराय, नहीं बच्चा तक टलता।
आम आदमी कहां, यार अब पैदल चलता।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आग्रह पर आर्दश नगर रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी दो प्रमुख ट्रेनें

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रयासों से उत्तर और पश्चिम दिल्ली के लाखों रेल यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलने जा रही है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री के अनुरोध को स्वीकार करते हुए आर्दश नगर रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इससे हिमाचल प्रदेश जाने वाले पर्यटकों के साथ-साथ पंजाब के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुगमता रहेगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भेजे अपने पत्र में बताया कि उनके द्वारा भेजे गए अनुरोध पत्र के संदर्भ में आर्दश नगर रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति के अनुसार गाड़ी संख्या 14331 दिल्ली-कालका एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 14053 दिल्ली-दौलतपुर चौक हिमाचल एक्सप्रेस



अब आर्दश नगर रेलवे स्टेशन पर भी रुकेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार नागरिकों की दैनिक जरूरतों और जनसुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। आर्दश नगर रेलवे स्टेशन पर इन दोनों ट्रेनों के ठहराव से उत्तर व पश्चिम दिल्ली के निवासियों का समय बचेगा। यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी और उन्हें नई दिल्ली या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक जाने की अतिरिक्त परेशानी से राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-कालका एक्सप्रेस के आर्दश नगर में ठहरने से कुरुक्षेत्र, चंडीगढ़ और कालका की यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही हिमाचल प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले पर्यटकों के लिए भी यह सुविधा अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इसी प्रकार दिल्ली-दौलतपुर चौक हिमाचल एक्सप्रेस के ठहराव से कुरुक्षेत्र, फतेहगढ़ साहिब, आनंदपुर साहिब तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### काशी के आसमान में गरजे फाइटर जेट

**वाराणसी, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** वाराणसी में शनिवार सुबह भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने काशी के आसमान में रोमांच भर दिया। राफेल और सूर्य किरण जैसे फाइटर जेट्स ने नमो घाट और शहर के ऊपर तेज रफ्तार उड़ान भरी, जो होने वाले वायुसेना दिवस के भव्य आयोजन की रिहर्सल का हिस्सा थी। सुबह 10 बजे से शुरू हुई यह गतिविधि करीब ढाई घंटे तक चली, जब एक साथ तीन फाइटर जेट्स अलग-अलग फॉर्मेशन में लगातार चक्कर लगाते रहे। उनकी गर्जना सुन शहरवासी अपने घरों, छतों और बालकनियों पर निकल आए। लोगों में उत्सुकता और कौतूहल का माहौल था, और कई लोगों ने अद्भुत नजारे को अपने मोबाइल फोन में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया।

### राजस्थान में रोबोट करेगा सीवरेज की सफाई

**प्रदेश के बड़े और छोटे 35 से ज्यादा शहरों में रोबोट से सफाई**

**जयपुर, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** राजस्थान के 35 से अधिक शहरों में अब सीवरेज चैंबरों की सफाई रोबोट के दवारा होगी, जिससे सफाईकर्मियों की जिंदगी दांव पर नहीं लगेगी। जोधपुर और भीलवाड़ा में आधुनिक तकनीक का ट्रायल चल रहा है, जबकि राजधानी जयपुर में तीन मशीनें पहले ही काम करना शुरू हो चुका हैं। जेन रोबोटिक इनोवेशन कंपनी द्वारा विकसित बैंडीकूट नामक रोबोट अकेला ही पांच से छह लोगों का काम महज 30 से 40 मिनट में पूरा कर लेता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि किसी भी कर्मचारी को अब गंदे और जहरीले चैंबरों में उतरने की जरुरत नहीं पड़ेगी, जिससे उनकी जान का खतरा टल जाएगा। यह रोबोट चार कैमरों से लैस है, जो सीवरेज चैंबर के भीतर 30 फीट तक की गहराई तक सफाई कर सकता है।

## भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुका है मध्य प्रदेश : खरगे



**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के शासन में भ्रष्टाचार और लूटपाट होने का बड़ा आरोप लागते हुए कहा है कि राज्य आज भ्रष्टाचार का केंद्र बन गया है तथा एक के बाद एक घोटाले सामने आ रहे हैं। श्री खरगे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर पर एक पोस्ट में कहा कि अब एथेनॉल के नाम पर 1,200 करोड़ रुपये के चावल घोटाले का मामला सामने आया है। राज्य में कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के पोषण के लिए निर्धारित करीब पांच लाख टन चावल को राइस मिलरों, एथेनॉल कारोबारियों और सरकारी संरक्षण में कथित भ्रष्टाचार का हिस्सा बनाया गया। उन्होंने कहा कि इससे पहले उज्जैन में जमीनों से जुड़ा बड़ा घोटाला सामने आया था, जहां कथित तौर पर उन्हीं क्षेत्रों में जमीनों का विस्तार हुआ, जहां सरकारी अवसंरचना परियोजनाएं और हाईवे कॉरिडोर प्रस्तावित थे।

## लाइब्रेरी के उद्घाटन समारोह में अमित शाह बोले, दिनकर को पढ़े बिना भारत को पूरी तरह नहीं समझ सकते





**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में जयप्रकाश नारायण सार्वजनिक पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उन्होंने लिखा, 'पुस्तकालय आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारत की संस्कृति और ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा, 'आज दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण दिन है; यहां महान स्वतंत्रता सेनानी, चिंतक और अनेक भीमकाय कार्यों को संपन्न करने वाले देश के महान नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नाम पर यहां पुस्तकालय की शुरूआत हुई है। राष्ट्र निर्माण करने वाली और राष्ट्र को वैभव दिलाने वाली सारी गतिविधियों का मूल ज्ञान और विवेक के व्यवहारिक रूप में ढलने से होता है और ज्ञान पुस्तकालय से प्राप्त होता है।' उन्होंने कहा, 'एक बहुत बड़े विचारक ने कहा है कि देश का भविष्य कैसा है, इसका आकलन इस बात से नहीं हो सकता कि देश की कृषि कितनी समृद्ध है, देश के बाजारों में कितनी भीड़ है या फिर देश में कितने उद्योग लगे हैं, बल्कि इस बात से होता है कि देश के पुस्तकालयों में कितनी भीड़ है और वहां कितने युवा हैं।' गृह मंत्री ने कहा कि गांधीनगर लोकसभा में हमने एक छोटा-सा प्रयोग किया है। लोकसभा के प्रत्येक गांव में पुस्तकालय खोले, जिनमें 3,000 से 4,000 पुस्तकें हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड रणनीतिक साझेदारी मजबूत : मोदी

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और न्यूजीलैंड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है, जो दोनों देशों के संबंधों के बीच नये अध्याय की शुरूआत और साझा भविष्य का संकल्प है।

न्यूजीलैंड यात्रा पर गये श्री मोदी ने शुक्रवार देर रात प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ ऑकलैंड में द्विपक्षीय वार्ता की। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के संबंध निर्णायक मोड़ पर हैं और इसे ध्यान में रखते हुए दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण समझौते तथा नयी पहलों की घोषणा की है। उन्होंने कहा, ' हमने भारत-न्यूजीलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत हम हर क्षेत्र में स्पष्ट लक्ष्यों और ठोस परिणामों के साथ आगे बढ़ेंगे।' उन्होंने कहा कि दोनों देश रणनीतिक साझेदारी के सूत्र में बंध रहे हैं और यह केवल एक राजनयिक पड़ाव नहीं है। यह हमारे साझा भविष्य का एक नया संकल्प है।



प्रधानमंत्री ने कहा, ' आज 40 वर्षों के बाद भारतीय प्रधानमंत्री की न्यूजीलैंड यात्रा हो रही है। यह हमारे संबंधों के एक नये अध्याय का शुभारंभ है।' श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने हिन्द प्रशांत में समुद्री क्षेत्र में सहयोग पर भी सहमति बनायी है।

उन्होंने कहा, 'आज हमने हिन्द प्रशांत में समुद्री सहयोग के लिए एक रोड़मैप पर सहमति बनायी है। द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास, लॉजिस्टिक स्पोर्ट और जल सर्वेक्षण में सहयोग से हमारा आपसी तालमेल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश वैश्विक मंच पर भी भरोसेमंद साझेदार और करीबी मित्र हैं। उन्होंने कहा, ' हमारा मानना है कि वर्तमान समय की चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। ' श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होंगे। उन्होंने कहा, ' मुझे विश्वास है कि मेरी इस यात्रा से हम हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती देंगे, और वैश्विक शांति, स्थिरता और सुरक्षा में हम मिलकर के अपना योगदान बढ़ाएंगे।

# दिल्ली सरकार ने अभय वर्मा को बनाया मुख्य प्रवक्ता

### अनिल शर्मा और हरीश खुराना को भी मिली जिम्मेदारी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधायक अभय कुमार वर्मा को दिल्ली सरकार का मुख्य प्रवक्ता तथा विधायक अनिल कुमार शर्मा और हरीश खुराना को सरकार का प्रवक्ता नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि सरकार ने पारदर्शी, जवाबदेह और जनकेंद्रित शासन के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के माध्यम से सरकार के नीतिगत निर्णयों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी



योजनाओं की आधिकारिक एवं तथ्यपरक जानकारी समयबद्ध तरीके से नागरिकों और मीडिया तक पहुंचाई जा सकेगी।

मुख्य प्रवक्ता और प्रवक्ता के रूप में नियुक्त जनप्रतिनिधि विभिन्न समसामयिक विषयों पर दिल्ली सरकार का अधिकृत पक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## अरविंद केजरीवाल चुनाव जीतने के लिए भगवान राम का सहारा ले रहे: हरीश खुराना

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

अयोध्या राम मंदिर में कथित चंदा चोरी मामले और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए जाने को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा विधायक हरीश खुराना ने इस मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर जुबानी हमला किया। उन्होंने उन पर चुनावी राजनीति के लिए धार्मिक आस्था का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

हरीश खुराना ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी पूरी पार्टी चुनावी हिंदू हैं। हर चुनाव से पहले हिंदू आस्था का प्रदर्शन करना उनका राजनीतिक तरीका बन गया है। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, तब केजरीवाल मंदिरों में जाकर माथा टेकते हैं



और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद उनकी धार्मिक गतिविधियां दिखाई नहीं देतीं। उन्होंने कहा कि अयोध्या राम मंदिर को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं के पुराने बयानों को जनता भूली नहीं है।

# गीता कन्या विद्यालय में आचार्य दक्षता वर्ग हुआ संपन्न

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 11 जुलाई । विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आचार्या दक्षता वर्ग का आयोजन किया गया। दक्षता वर्ग का आरंभ गीत द्वारा किया गया। इसके पश्चात प्रातः स्मरण, एकात्मकता मंत्र एवं एकात्मकता स्तोत्र का उच्चारण किया गया। तत्पश्चात वंदना सत्र रहा। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदना सत्र का शुभारम्भ किया गया। बौद्धिक सत्र आचार्या सुधा ने लिया, जिसका विषय -' बच्चों में वैज्ञानिक सोच का विकास कैसे करें' रहा, ताकि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच का विकास हो सके। उन्होंने बताया वैज्ञानिक सोच का अर्थ केवल विज्ञान पढ़ने नहीं, बल्कि यह एक मानसिक दृष्टिकोण हैं इसमें प्रश्न, अवलोकन, तर्क और प्रमाण के आधार पर निष्कर्ष निकाला जाता है. शिक्षण सत्र में ममता एवम्‌नीलम द्वारा वाद्य यंत्रों का शिक्षण एवं अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया संगीत में 'स्वर' का अर्थ है वह सुरीली ध्वनि जो सुनने वाले के मन को आनंदित करे।

## 14 जुलाई से पहले मिशन पूरा करें, उत्कृष्ट बीएलओ होंगे सम्मानित: डीसी

- एसआईआर अभियान अंतिम चरण में, हर ब्लॉक के 5 सर्वश्रेष्ठ बीएलओ को मिलेगा सम्मान
- लापरवाही नहीं, परिणाम चाहिए, 14 जुलाई के बाद शेष कार्य पर होगी सख्त कार्रवाई

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 11 जुलाई । विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य बहुत तेज गति से जारी है। छुट्टी के दिन भी अधिकारी अपने लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ स्वयं अभियान की लगातार निगरानी कर रहे हैं और सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें प्रत्येक बीएलओ की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई तक निर्धारित कार्य पूरा करने वाले प्रत्येक ब्लॉक के पांच उत्कृष्ट बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक होगा।

उपायुक्त ने सभी अधिकारियों और बीएलओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाले दो दिन निर्णायक हैं। जो अधिकारी और कर्मचारी इन दो दिनों में पूरी ऊर्जा, टीम भावना और जिम्मेदारी के साथ कार्य पूरा करेंगे, वही इस अभियान के वास्तविक विजेता कहलाएंगे। प्रशासन को अपने सभी बीएलओ की क्षमता और मेहनत पर पूरा विश्वास है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी भी दी कि 14 जुलाई के बाद यदि किसी स्तर पर कार्य लंबित पाया गया तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गंभीर प्रशासनिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि हर बीएलओ पूरी जिम्मेदारी के साथ घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें।

## फारूक अब्दुल्ला और उनकी पार्टी जम्मू-कश्मीर को फिर पुराने दौर में ले जाना चाहती है : तरुण चुघ

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।



भाजपा राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ ने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का भविष्य अब विकास, पर्यटन, लोकतंत्र, विश्वास और राष्ट्रीय एकता से जुड़ा है, न कि अलगाववाद की पुरानी राजनीति से। उन्होंने आईएएनएस से कहा कि फारूक अब्दुल्ला और उनकी पार्टी आज भी जम्मू-कश्मीर के असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

तरुण चुघ ने कहा, 'फारूक अब्दुल्ला और उनका पूरा समूह पुराने और असफल एजेंडे को फिर से सामने लाना चाहता है, लेकिन जिस अनुच्छेद 370 को देश की संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों खारिज कर चुके हैं, उसकी जमीनी स्तर पर कोई मांग नहीं है।' तरुण चुघ ने दावा किया कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास की नई कहानी लिखी गई है। पर्यटन नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है और उपराज्यपाल (एलजी) के नेतृत्व में हर हाथ को काम देने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने वादों का हिसाब देने के बजाय फारूक अब्दुल्ला जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर को फिर से अलगाववाद और पत्थरबाजी के दौर में लौटाने की हर कोशिश का पुरजोर विरोध करती है। प्रदेश की जनता शांति, निवेश और रोजगार चाहती है, लेकिन कुछ लोग नए-नए आंदोलनों के जरिए वहां के विकास, शांति और पर्यटन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'भगवान मेरे जम्मू-कश्मीर को ऐसी नजरों से बचाए।'

तरुण चुघ ने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उनकी कांग्रेस हाईकमान और भूपेश बघेल से केवल एक अपील है। उन्होंने याद दिलाया कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा सांसद चरणजीत सिंह चन्नी ने कांग्रेस के ही कुछ नेताओं पर आरोप लगाया है कि वे पार्टी के अनुसूचित जाति वर्ग के कार्यकर्ताओं के साथ जाति के आधार पर भेदभाव कर रहे हैं और उन्हें पीछे धकेला जा रहा है।

तरुण चुघ ने कहा कि अब तक न तो भूपेश बघेल ने इन आरोपों पर कोई स्पष्टीकरण दिया है और न ही दोषी लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, 'आज कांग्रेस पार्टी के अंदर जातिगत आधार पर धक्का देने की बात चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। आप इसे छिपा सकते हैं, लेकिन खत्म नहीं कर सकते।

' 'वंदे मातरम' और 'जन गण मन' को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश का स्वागत करते हुए तरुण चुघ ने कहा कि यह फैसला राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान को और मजबूत करेगा। राष्ट्रीय गान और राष्ट्रीय गीत केवल औपचारिकताएं नहीं हैं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लार्वा मिलने पर 48 लोगों को नोटिस, बारिश के बीच बढ़ाई निगरानी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** लगातार हो रही बारिश के बीच जिले में डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी अभियान और सख्त कर दिया है। घरों और संस्थानों में डेंगू का लार्वा मिलने पर अब तक 48 लोगों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं, इस वर्ष जिले में डेंगू के कुल चार मरीज सामने आ चुके हैं, जिससे विभाग की चिंता बढ़ गई है। बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है और ऐसे स्थानों पर एडीज मच्छरों के पनपने की आशंका को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित और जलभराव वाले क्षेत्रों में लगातार सर्वे कर रही हैं। घरों, कूलरों, पानी की टंकियों, गमलों और अन्य स्थानों पर जमा पानी की जांच की जा रही है। जहां लार्वा मिल रहा है, वहां एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। जरूरत वाले क्षेत्रों में फॉगिंग भी कराई जा रही है। विभाग का कहना है कि बारिश के बाद लंबे समय तक पानी जमा रहने से डेंगू फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को सप्ताह में एक दिन ड्राई डे मनाने, कूलर व टंकियों का पानी नियमित रूप से बदलने और बुखार आने पर तुरंत जांच कराने की सलाह दी गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत आहूजा का कहना है कि जिले में इस वर्ष अब तक डेंगू के चार मामले सामने आए हैं। लगातार बारिश और जलभराव को देखते हुए विभाग पूरी तरह सतर्क है। एंटी लार्वा गतिविधियां, दवा छिड़काव और सर्वे लगातार चल रहे हैं। लार्वा मिलने पर अब तक 48 नोटिस जारी किए गए हैं।

### अभयखंड सामुदायिक केंद्र की बिजली कटी, बुकिंग में अड़चन

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** वार्ड-79 स्थित अभयखंड सामुदायिक केंद्र की बिजली आपूर्ति कटने से इसके संचालन और बुकिंग की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है। पार्षद हरीश कड़ाकोटी ने बताया कि हाल ही में यह सामुदायिक केंद्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) से नगर निगम को हस्तांतरित हुआ है। उन्होंने दो वर्षों में जीडीए, नगर निगम और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भवन को आम जनता के लिए कम किराये पर उपलब्ध कराने की मांग की थी। 12 जून 2026 की नगर निगम बोर्ड बैठक में सामुदायिक केंद्र के किराये का प्रस्ताव भी रखा गया था। महापौर सुनीता दयाल के प्रस्ताव पर 60 हजार किराये को घटाकर 25 हजार किया गया था।

# पौधों का संरक्षण और उन्हें विकसित करना वास्तविक जिम्मेदारी: विजेंद्र गुप्ता

» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई




दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और उन्हें विकसित करना वास्तविक जिम्मेदारी है। श्री गुप्ता ने रोहिणी सेक्टर-14 स्थित चित्रगुप्त पार्क में मेगा वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा 'केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और उन्हें विकसित करना हमारी वास्तविक जिम्मेदारी है।

किसी भी वृक्षारोपण अभियान की सफलता लगाये गये पौधों की संख्या से नहीं, बल्कि उनके जीवित रहकर वृक्ष बनने से मापी जानी चाहिए।

' उन्होंने कहा कि निरंतर जनभागीदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों के कारण रोहिणी आज दिल्ली के सबसे हरित क्षेत्रों में शामिल हो चुकी है। यह अभियान केवल पार्कों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि प्रत्येक घर और मोहल्ले तक पहुंचकर जन आंदोलन का रूप लेना चाहिए।

उन्होंने नागरिकों से अपने क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण अभियान चलाने और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि नीम और जामुन जैसे देशी वृक्ष स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सबसे उपयुक्त हैं और इनका बड़े पैमाने पर रोपण किया जाना चाहिए।

उनका कहना था कि पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी वृक्षारोपण के साथ समाप्त नहीं होती, बल्कि पौधों को जीवित रखकर उन्हें स्वस्थ वृक्ष के रूप में विकसित करना ही सबसे बड़ी सेवा है। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रव्यापी अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह पहल प्रत्येक नागरिक को अपनी माता के सम्मान में एक वृक्ष लगाने और उसकी देखभाल करने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि ऐसा वृक्ष प्रेम, कृतज्ञता और पर्यावरण संरक्षण का स्थायी प्रतीक बन जाता है।

अपने हालिया लद्दाख दौरे का जिक्र करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि वहां सीमित हरियाली को देखकर उन्हें वृक्षों के महत्व का गहरा एहसास हुआ।

उन्होंने कहा कि कठोर जलवायु वाले क्षेत्रों में हरियाली का महत्व और अधिक समझ में आता है, इसलिए दिल्ली जैसे महानगर में हरित क्षेत्र का संरक्षण और विस्तार पर्यावरणीय गुणवत्ता तथा जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

रोहिणी के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 1997 में पहली बार विधायक बनने के समय क्षेत्र में पर्याप्त वृक्ष नहीं थे, लेकिन लगातार प्रयासों और वृक्षारोपण अभियानों के कारण आज रोहिणी शहरी हरित विकास का उदाहरण बन चुकी है। उन्होंने परिपक्व वृक्षों के वैज्ञानिक प्रबंधन और नियमित छंटाई की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि पर्यावरण संरक्षण और शहरी विकास के बीच संतुलन बना रहे।



## थानेसर एलिवेटेड ट्रैक का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे उद्घाटन

**कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** थानेसर शहर के लिए बहुप्रतीक्षित एलिवेटेड रेलवे ट्रैक परियोजना का शुभारंभ 17 जुलाई को जींद से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से इस परियोजना की प्रतीक्षा कर रहे नागरिकों का मानना है कि एलिवेटेड ट्रैक के शुरू होने से शहर की यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार आएगा और लोगों को जाम की समस्या से काफी राहत मिलेगी। आल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अश्वनी वालिया, प्रदेश मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, धर्म सिंह जोगनाखेड़ा जिला मुख्य सलाहकार, उमेश गर्ग ने बताया कि एलिवेटेड ट्रैक बनने से रेलवे फाटकों पर लगने वाले लंबे जाम से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज होगा। स्थानीय व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। परियोजना से आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और अग्निशमन वाहनों की आवाजाही भी पहले की अपेक्षा अधिक सुचारु हो सकेगी।

## वार्ड नंबर 9 में दिन मे स्ट्रीट लाईट जलती है रात के समय बंद रहती है : भप्पी जैन





» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 11 जुलाई । हांसी नगर परिषद के वाईस चेयरमैन अनिल बंसल के वार्ड नंबर 9 में अधिकतर स्ट्रीट लाईट गलियों और बाजारों में दिन के समय स्ट्रीट लाईट जलती है और रात के समय अधिकार स्ट्रीट लाईट बंद रहतीं हैं। वार्ड नंबर 9 में लंबे समय से स्ट्रीट लाईट रात को न जलने से चोरी होने और लूट-पाट छीना झपटी की बड़ी वारदात अनहोनी किसी समय भी घट सकती है ।उन्होंने नगर परिषद के वाईस चेयरमैन अनिल बंसल से वार्ड का दौरा करने बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करवाने की मांग की है भप्पी जैन चायवाला ने बताया हांसी शहर नगर परिषद लाखो रुपए स्ट्रीट लाईट को मेनटेनेंस और करोड़ों रुपए नई स्ट्रीट लाईट लगाने का टैंडर लगाती है लेकिन कागजो मे हांसी शहर के लगभग सभी वार्ड जगमग और दूधिया रोशनी से नहा रहे है और जमीनी स्तर की बात करें शहर में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है और नगर परिषद कागजों में स्ट्रीट लाईट मेनटेनेंस और नई स्ट्रीट लाईट लगाने के नाम पर कागजों में बिल बनाकर खजाने को खुर्द-बुर्द कर अपना और अपने चहेतों को खजाना लूटा कर हांसी शहर की जनता का गाढ़े खून पसीने की कमाई से सरकार को जाने वाले टैक्स को दोनों हाथों से लूटा रही है भप्पी जैन ने कहां हांसी शहर के वार्डों मे दिन के समय स्ट्रीट लाईट जलने से लोगों के बिल में जुड़ कर आता है। भप्पी जैन ने दिन में जल रही स्ट्रीट लाईटे और रात के समय बंद पड़ी रहती स्ट्रीट को दुरुस्त न करवाएं जाने वाले जिला प्रशासन के प्रति रोष प्रकट किया उन्होंने कहां हांसी जिला तो बन गया लेकिन जिला बनने वाली सुविधाएं नहीं मिल रही। भप्पी ने कहां हांसी शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं और अपने हको की लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर धरना-प्रदर्शन करके शासन प्रशासन और विधायक को कोस रही है।

- हांसी शहर का 23 वा जिला बनने के बाद भी शहर की गलियों और बाजारों में स्ट्रीट लाईट बंद पड़ी है हांसी जिला में जिला की सुविधा शो पीस बनकर रह गई

## रिफाइनरी प्रबंधन द्वारा कर्मचारी यूनियन की मांगे पूरी न करने पर फूटा , गुस्सा

प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन कर निकाला , जुलूस

» निर्मल सिंह विर्क



पानीपत, यूटर्न/ 11 जुलाई । इंडियन ऑयल पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं न देने और समस्याओं का समाधान न होने के कारण रिफाइनरी प्रशासन के खिलाफ गुस्सा फूट पड़ा। शुक्रवार शाम को कर्मचारी यूनियन के सदस्यों ने रिफाइनरी गेट पर एकत्रित होकर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रिफाइनरी गेट पर धरना प्रदर्शन किया। रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन ने रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गई तो यह धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक चलता रहेगा।

बता दें कि इंडियन ऑयल रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा मांगें मनवाने के लिए रिफाइनरी टाउनशिप में 29 जून को एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया था। जिसमें रिफाइनरी कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन के खिलाफ नारेबाजी की गई थी। कर्मचारी यूनियन द्वारा मांगे न मानने पर 7 दिन बाद अपने हकों की लड़ाई के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा दिए गए समय के अंदर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी मांगे न मानने पर शुक्रवार को कर्मचारी यूनियन का गुस्सा फूट पड़ा और रिफाइनरी गेट पर एकत्रित होकर रिफाइनरी प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पी 25 प्रोजेक्ट गेट से कोको चौंक तक जुलूस निकाला गया।

प्रधान संपूर्ण सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में कहा था कि रिफाइनरी टाउनशिप में सभी लोगों के लिए मूलभूत सुविधा पीने का साफ पानी नहीं है जिसके लिए तुरंत आर.ओ. प्लांट लगवाया जाए। रिफाइनरी टाउनशिप में बहुत अधिक संख्या में आवारा कुत्ते घूमते हैं।

## जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा



- प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा : रणबीर गंगवा

» हरियाणा, यूटर्न/ 11 जुलाई ।

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शनिवार को हल्का नलवा के गांव तलवंडी रुक्का तथा कैमरी रोड स्थित अपने निवास पर नागरिकों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है और जनता की सहभागिता से प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर रणबीर गंगवा ने नागरिकों से रविवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दौरा कार्यक्रम तथा आगामी 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहभागी बनने का आ'ान किया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी और जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

## सांसद डॉक्टर भोला सिंह ओचक निरीक्षण करने पार्टी कार्यालय पहुंचे

### डॉ भोला सिंह ने अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं की कार्यक्रम प्रणाली कार्यों को लेकर खुशी जाहिर की

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई



भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं लोकसभा सांसद डॉ भोला सिंह आज दिल्ली प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यालय पर रोचक निरीक्षण करने पहुंचे वहां उन्होंने अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकर्ताओं की कार्य प्रणाली और कार्य को देखते हुए उनकी प्रशंसा की कहा कि दिल्ली में अनुसूचित जाति मोर्चा बड़ी ईमानदारी और मेहनत के साथ कार्य कर रहा है मुझे यह देखकर बड़ी खुशी हो रही है अनुसूचित जाति मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता एक संघटनात्मक कार्यों को लेकर बड़ी ही मेहनत में ईमानदारी से कार्य कर रहा है मोर्चे के पदाधिकारी को कार्यकर्ताओं को जिस भी मिशन पर पार्टी लगती है वह अपनी ईमानदारी एवं जिम्मेवारी के साथ अपने कार्य को करता है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है

इस मौके पर दिल्ली प्रदेश के महामंत्री अधिवक्ता लाजपत राय कार्यालय मंत्री सुमेश लिलोठिया, मंत्री लीला बहन, मीडिया शह प्रभारी गुरु जी राजू चंदेल, हेमंत धनवाड़िया, रिपु दमन, शिव टॉक रीना ,सहित सभी पदाधिकारी ने अपने राष्ट्रीय महामंत्री सांसद डॉक्टर भोला सिंह का भव्य स्वागत किया और मार्गदर्शन के लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद किया.

## बकरी चोरों के भी खिलाफ कार्यवाही में शिवली में तीन शातिर गिरफ्तार , बकरा , नकदी और बाइक बरामद

» सुनील बाजपेई

कानपुर, यूटर्न/ 11 जुलाई । अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मुलाकात खोले कानपुर देहात की शिवली थाना पुलिस को बकरा बकरी चुराने वाले गिरोह का भी भंडाफोड़ करने में सफलता मिली है।

बकरा और बकरी चोरी की अनेक घटनाओं को पहले भी अंजाम दे चुके इस गिरोह के पास से चोरी किया गया बकरा बरामद करने के साथ ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है, जिनके पास से घटना में प्रयोग की जाने वाली मोटरसाइकिल, नगदी और मोबाइल आदि भी बरामद किया गया है। पकड़े गए कि गिरोह के सदस्यों के खिलाफ अनेक मुकदमे पहले भी दर्ज कराई जा चुके हैं। अपनी नियुक्त वाले अब तक के लगभग हर थाना क्षेत्र में पीड़ितों की सहायता के साथ ही अपराधियों के खिलाफ भी प्रभावी कार्रवाई में अग्रणी तथा शिवली थाना क्षेत्र में अपने अब तक के कार्यकाल में हुई छोटी बड़ी सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करने वाले तेजतर्रार ,व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह को बकरा -बकरी चोर गिरोह के शातिर नमन पुत्र सुनील बाल्मीकि निवासी ग्राम दिलीपनगर थाना चौबेपुर जनपद कानपुर नगर, अर्जुन पुत्र अजय निवासी खुमान निवादा थाना शिवली और शनी पुत्र मुनेश निवासी ग्राम काशीपुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार करने में सफलता तब मिली जब वह कानपुर नगर व कानपुर देहात बॉर्डर पर पाण्डु नदी पुल शिवली-चौबेपुर मार्ग पर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। की गई पूछताछ में गिरफ्तार चोरों ने पुलिस को बताया कि ग्राम दिलीपनगर निवासी नन्हे लाल पुत्र भरोसे के घर के पास से चुपचाप चुराए गए उसके बकरे को मोटरसाइकिल से लाद कर गांव से दूर जंगल में बांध दिया था और गिरफ्तारी के समय उसको बेचने के लिये कन्नौज ले जा रहे थे।

## हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट का जिला और ब्लॉक स्तर पर होगा विस्तार: एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल

संविधान, लोकतंत्र और आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी स्तर पर मजबूत होगा संगठन : एडवोकेट इंदल

» हरियाणा, यूटर्न/ 11 जुलाई ।



हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय चंडीगढ़ में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल से कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने टीम के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठन के विस्तार और आगामी रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट को प्रदेशभर में और अधिक सक्रिय व प्रभावी बनाने, जिला एवं ब्लॉक स्तर तक संगठन के विस्तार, अधिवक्ताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जनहित व संविधान की रक्षा से जुड़े कानूनी मुद्दों पर पार्टी की भूमिका को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने लीगल डिपार्टमेंट की गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता समाज संविधान, लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था की मजबूती का महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने पदाधिकारियों से प्रदेशभर के अधिवक्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आ'ान किया।

इस दौरान लीगल डिपार्टमेंट के स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल, प्रदेश महासचिव एडवोकेट कमलजीत दहिया, एडवोकेट राजेंद्र बांगड़ व अन्य मौजूद रहे ।

### हर जिले और ब्लॉक में मजबूत होगा लीगल डिपार्टमेंट :खोवाल

लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश चेयरमैन एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल और स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट को प्रदेश के प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर तक सक्रिय बनाया जाएगा।

अधिवक्ताओं की भागीदारी बढ़ाकर संविधान, लोकतंत्र और आमजन के अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी स्तर पर संगठन को और प्रभावी बनाया जाएगा। शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन में हरियाणा में लीगल डिपार्टमेंट नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

## पौलेंड से भेजे गए गिफ्ट के चक्कर में गंवाए 7.96 लाख

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** साइबर ठगों ने मुरादनगर में रहने वाली युवती से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर खुद को एयरलाइन का पायलट बताकर गिफ्ट भेजने के नाम पर 7.96 लाख रुपये ठग लिए। उसने गिफ्ट में 50 हजार पाउंड्स का चेक भेजने का झांसा देकर ठगी की। पीड़िता ने साइबर थाने में केस दर्ज कराया है।

एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि मूल रूप से रंजन टॉनवा घोरासाहन अमवा पूर्वी चंपारन बिहार की रहने वाली तन्नुश्री मुरादनगर स्थित राधे श्याम विहार कॉलोनी में रहती हैं। तनुश्री के मुताबिक 11 जून 2026 को उनकी स्नैपचैट आईडी पर एक मैसेज आया। इसका जवाब उन्होंने 12 जून को दिया। बातचीत के दौरान युवक ने खुद को पायलट बता पौलेंड में होने का झांसा दिया। उन्हें एक मैसेज भेजा गया, जिसमें बताया कि वह उन्हें गिफ्ट भेज रहा है, पार्सल जल्द ही उन तक पहुंच जाएगा। नाम, पता पूछकर कुछ दस्तावेज और फोटो पार्सल करने की बात कही। साथ ही पार्सल को 60 हजार रुपये में छुड़ाने का आश्वासन दिया। विरोध करने पर पार्सल भेज दिए जाने का झांसा दिया। 29 जून को पार्सल आने की सूचना मिली। 60 हजार रुपये साइबर कैफे में पहुंचकर ट्रांसफर कर दिए। दो घंटे बाद मैसेज आया कि पार्सल में 50 हजार पाउंड्स का चेक जो भारतीय करेंसी में करीब 64 लाख रुपये होती है। इसके लिए 2.38 लाख रुपये जमा करने होंगे ताकि मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस से अप्रूवल मिल सके, जिसके बाद पार्सल मिल जाएगा। पीड़िता से तीन ट्रांजक्शन में 2.38 लाख रुपये ट्रांसफर करा दिए।

## फ्लैट बेचने के नाम पर 3.81 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** वेव सिटी क्षेत्र में फ्लैट बेचने के नाम पर 3.81 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि फ्लैट मालिक ने एग्रीमेंट करने के बावजूद उसी फ्लैट को दूसरे खरीदार को बेचने का प्रयास किया। मामले में मुजफ्फरनगर के जानसठ निवासी प्रवीण कुमार ने वेव सिटी थाने में सूर्यकांत दीक्षित के खिलाफ केस दर्ज कराया है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि पीड़ित प्रवीण कुमार के मुताबिक उनकी मुलाकात नोएडा के सेक्टर-137 स्थित पैरास टिएरा सोसाइटी निवासी सूर्यकांत दीक्षित से हुई थी। दोनों के बीच वेव सिटी स्थित आदित्य वर्ल्ड सिटी के अर्बन होम्स प्रोजेक्ट में फ्लैट का सौदा साढ़े 18 लाख रुपये में तय हुआ था। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच लिखित एग्रीमेंट भी हुआ था।

## निर्माणाधीन मॉल में 7 वर्षीय बच्ची का शव मिला, पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर की पूछताछ

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**



उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक निमार्णाधीन मॉल से 7 वर्षीय बच्ची का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शक के आधार पर पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और लगातार पूछताछ की जा रही है।

शुरूआती जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र स्थित राजनगर एक्सटेंशन में एक मॉल का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी के अंदर एक बच्ची का शव मिला है। घटना की सूचना पुलिस को शुक्रवार देर रात करीब 1 बजे मिली, जिसके बाद नंदग्राम थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि रात करीब एक बजे नंदग्राम थाना पुलिस को यह सूचना मिली थी कि एक 7 वर्षीय बच्ची का शव एक निमार्णाधीन मॉल परिसर में पड़ा हुआ है। इस सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए थाने से पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि मौके पर फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। फिलहाल, पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को भी हिरासत में लिया गया है, जिनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। एसीपी प्रियाश्री पाल ने कहा कि पुलिस टीम इस मामले की जांच में जुटी है।

## बरसात के पानी से छह मकानों की दीवार गिरी, 18 मकान में आई दरार

**लोनी, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** बरसात का पानी भरने से प्रकाश विहार कॉलोनी स्थित छह मकान की दीवार गिर गई। जबकि इनके आसपास के 18 मकानों में दरार आ गई हैं। हालांकि गनीमत यह रही कि दीवार गिरने से पहले ही मकानों में रहने वाले लोग बाहर आ गए थे। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। बेघर हुए लोग पड़ोसियों और रिश्तेदारों के घर पर शरण ली है। प्रकाश विहार कॉलोनी निवासी रमेश ने बताया कि बुधवार से हो रही बारिश के बाद आसपास इलाकों में पानी भर गया। उनके घर के पीछे नर्सरी में पानी भरने से उनके मकान कमजोर होने लगे। नर्सरी की मिट्टी बैठ गई। मिट्टी के बैठने से बुधवार रात उनके मकान में दरार आ गई। इसके चलते उन्होंने परिवार के साथ मकान खाली कर दिया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात मकान के पिछले हिस्से की दीवार ढह गई। वहीं, राजमिस्त्री सोहन ने बताया कि बारिश के चलते मकान की पिछली दीवार गिर गई। हालांकि घटना के समय घर के लोग बाहर निकल गए थे। वहीं, पास में रहने वाले रमन समेत पप्पू, छोटेलाल, सतपाल के मकान का पिछला हिस्सा ढह गया। जबकि गली में रहने वाले मनोज, चंद्रपाल, अनिल, शत्रुघन, बनवारी लाल, राकेश, नीशु, मनीष कुमार, अनिल, गौरव, अमन, उमेश, राकेश, प्रेमवती, नितेश, राजेंद्र, बनवारी, कमलेश, चंद्रपाल, मनोज व अभय के मकानों में दरार आ गई। लोगों ने मकानों के गिरने की आशंका के चलते घर खाली कर दिए हैं। लोगों का आरोप है कि उन्होंने मामले की सूचना पुलिस व नगर पालिका अधिकारियों को दी है।



# लाल किले को बम से उड़ाने की धमकी निकली अफवाह, पुलिस कॉलर की तलाश में जुटी




» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई।**

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शनिवार को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने लाल किले की गहन तलाशी ली। इस दौरान, कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह धमकी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में आए एक फोन कॉल से मिली थी, जिसमें कॉलर ने लाल किले को उड़ाने का दावा किया था। मुंबई पुलिस ने तुरंत यह जानकारी दिल्ली पुलिस कंट्रोल रूम को दी, जिसने नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस को सुरक्षा उपाय शुरू करने के लिए अलर्ट किया।

अलर्ट मिलने के तुरंत बाद पुलिसकर्मी, बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा टीमें लाल किले पहुंचीं और परिसर की गहन जांच-पड़ताल की। जांच के बाद अधिकारियों को कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। बाद में अधिकारियों ने बम की धमकी को अफवाह करार दिया। फिलहाल, अधिकारी कॉलर का पता लगाने और इस धमकी के पीछे के मकसद का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

> **पुलिस ने विस्फोटक से लदी हुंडई आई20 के ड्राइवर की पहचान उमर-उन-नबी के रूप में की थी, जो फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत कश्मीरी डॉक्टर था। विस्फोट उसी दिन हुआ था, जब सुरक्षा एजेंसियों ने राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 50 किलोमीटर दूर हरियाणा के फरीदाबाद में एक जगह से अमोनियम नाइट्रेट सहित लगभग 2,900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया था।**

गौरतलब है कि यह धमकी लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके के कुछ महीनों बाद आई है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने विस्फोटक से लदी हुंडई आई20 के ड्राइवर की पहचान उमर-उन-नबी के रूप में की थी, जो फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में कार्यरत कश्मीरी डॉक्टर था। विस्फोट उसी दिन हुआ था, जब सुरक्षा एजेंसियों ने राष्ट्रीय राजधानी से लगभग 50 किलोमीटर दूर हरियाणा के फरीदाबाद में एक जगह से अमोनियम नाइट्रेट सहित लगभग 2,900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किया था। जांच टीमों को संदेह था कि आरोपी ने वाहन में विस्फोट तब किया, जब उसके दो कथित साथियों मुजम्मिल शकील और आदिल राथर को गिरफ्तार कर लिया गया और विस्फोटक जब्त कर लिए गए।

मई में एक अन्य बड़े आतंकवाद-रोधी अभियान में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई और भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम से कथित तौर पर जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच अधिकारियों के अनुसार, आरोपी कथित तौर पर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों, बिजली संयंत्रों, परमाणु सुविधाओं और सुरक्षा कर्मियों सहित प्रमुख प्रतिष्ठानों पर हमले की योजना बना रहे थे।

## शादी के 15वें दिन नवविवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** मुरादनगर क्षेत्र में रहने वाली नवविवाहिता ने शादी के 15वें दिन घर में फंदा लगा लिया। फंदे से उतारकर परिजन गंभीर हालत में नवविवाहिता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नगर कोतवाली पुलिस ने शव का मेडिकल परीक्षण वीडियोग्राफी के बीच कराया है। एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि मुरादनगर थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर में रहने वाले संदीप शर्मा (34) की शादी बिहार की रहने वाली 19 वर्षीय युवती से 23 जून को हुई थी। संदीप मूल रूप से जनपद गौतमबुद्धनगर थाना बिसरख ग्राम तिगरी के रहने वाले हैं। वह चालक हैं।

## बहन से छेड़छाड़ के विरोध पर गर्दन में मारा पेचकस, तीन पर प्राथमिकी

**लोनी, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** अंकुर विहार थानाक्षेत्र स्थित कॉलोनी निवासी बहन-भाई को पिस्टल के बल पर आतंकित करके छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने छेड़छाड़ करते हुए युवती के कपड़े फाड़ दिए और भाई के विरोध करने पर गर्दन में पेचकस मारकर भाग गए। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित की शिकायत अंकुर विहार थाना पुलिस से की गई है। घटना में शामिल तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं। युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपनी बहन के साथ बाजार से सामान खरीदने गए थे। वापस आते समय दिल्ली-सहारनपुर रोड पर कॉलोनी के मोड़ पर पहुंचे तो बाइक सवार तीन युवकों ने दोनों भाई-बहन को पिस्टल के बल पर रोक लिया।

# नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही फिर बनी जानलेवा : आर्यन की मौत ने उठाए बड़े सवाल, पिछले हादसों से भी नहीं लिया सबक

» **नोएडा, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**



नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही एक बार फिर एक युवक की जान पर भारी पड़ गई। सेक्टर-58 में जलभराव और खुले नाले की वजह से 27 वर्षीय इंजीनियर आर्यन की मौत ने प्राधिकरण की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले भी सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज और एक एमिटी विश्वविद्यालय के छात्र की अलग-अलग हादसों में डूबने से मौत हो चुकी है, लेकिन इन घटनाओं के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से फरुर्खाबाद निवासी 27 वर्षीय आर्यन गुरुवार सुबह करीब 9 बजे सेक्टर-58 स्थित अपने कार्यालय जा रहे थे। रातभर हुई बारिश के कारण सड़क पर जलभराव था और नाले के ऊपर बने स्लैब पूरी तरह पानी में डूबे हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रास्ते में एक स्थान पर स्लैब टूटा हुआ था, जो पानी में दिखाई नहीं दे रहा था। जैसे ही आर्यन वहां से गुजरे, उनका पैर फिसला और वे सीधे गहरे नाले में गिर गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बाद में उनका शव बाहर निकाला गया। घटना के बाद आर्यन के परिजनों ने नोएडा प्राधिकरण और संबंधित विभागों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि नाले सुरक्षित होते, टूटे स्लैब समय रहते बदले गए होते और जलभराव की समस्या दूर की गई होती तो आर्यन की जान बच सकती थी। परिजनों ने मामले में पुलिस से शिकायत करने की बात भी कही है।

यह पहला मामला नहीं है जब नोएडा में सुरक्षा इंतजामों की अनदेखी किसी की जान ले गई हो। इसी वर्ष जनवरी में सेक्टर-150 में एक निमार्णाधीन परियोजना के पास बने गहरे गड्ढे में बारिश का पानी भर जाने से युवा इंजीनियर युवराज की डूबकर मौत हो गई थी। उस घटना के बाद भी प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे।

जांच के लिए समिति गठित की गई थी और खुले गड्ढों को सुरक्षित करने, बैरिकेडिंग करने तथा नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक उस जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया।

## बिजली गुल होने से परेशान लोग रात में पहुंचे कार्यालय, नहीं मिले कर्मचारी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** संजय एन्क्लेव स्थित चाचा चौक के पास बुधवार रात से बिजली आपूर्ति बाधित रहने से नाराज स्थानीय लोग बृहस्पतिवार देर रात बिजली विभाग के कार्यालय पहुंच गए। लोगों का आरोप है कि कार्यालय में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था, जबकि कार्यालय के अंदर पंखे और लाइटें चल रही थीं। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी और बढ़ गई।

स्थानीय निवासियों के अनुसार क्षेत्र में बुधवार रात से बिजली आपूर्ति ठप है। लगातार बिजली नहीं आने से लोगों को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। उमसभरी गर्मी के बीच बच्चों, बुर्जुगों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है, क्योंकि अधिकांश घरों में मोटर नहीं चल पाने से पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। निवासी सुनील रघुवंशी, प्रीतम और धर्मेंद्र का कहना है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग के कंट्रोल रूम और संबंधित अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। देर रात जब लोग बिजली कार्यालय पहुंचे तो वहां कोई कर्मचारी नहीं मिला। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विभाग की ओर से कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। निवासी मोहित और धनंजय का कहना है कि बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रभावित होने से उनका जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

# नीति आयोग ने शांति अधिनियम, 2025 के क्रियान्वयन पर हितधारकों संग की चर्चा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

नीति आयोग ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के समरसता ऑडिटोरियम में शांति अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन को लेकर हितधारकों के साथ एक विचार-विमर्श बैठक आयोजित की। इस बैठक में सरकार, शोध संस्थानों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, नीति निर्माताओं और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कार्ययोजना और संस्थागत ढांचे पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर ने की। इस दौरान विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष



घनश्याम प्रसाद, एनटीपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह, नीति आयोग की कार्यक्रम निदेशक डॉ. अंशु भारद्वाज, नीति आयोग के सलाहकार राजनाथ राम, परमाणु ऊर्जा विभाग की एसएसएसडी प्रमुख डॉ. गरिमा शर्मा और परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के निदेशक हरि कुमार समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे।

बैठक में शांति अधिनियम, 2025 के कार्यान्वयन से जुड़े कानूनी और नियामकीय पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने अधिनियम के तहत बनाए जाने वाले नियमों, नियामकीय प्रक्रियाओं तथा विदेशी निवेश से संबंधित प्रावधानों पर अपने सुझाव दिए। साथ ही घरेलू हितों की सुरक्षा करते हुए विदेशी निवेश आकर्षित करने के उपायों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए वित्तीय व्यवस्था, बीमा प्रावधानों तथा जोखिम कम करने के उपायों पर भी मंथन किया गया। विशेषज्ञों ने दीर्घकालिक परियोजनाओं के लिए बेहतर बीमा व्यवस्था विकसित करने, जन-जागरूकता बढ़ाने तथा स्थानीय समुदायों में विश्वास मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इसके अलावा घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, परियोजनाओं के संचालन संबंधी तैयारियों को मजबूत करने तथा कुशल मानव संसाधन विकसित करने पर भी चर्चा हुई। हितधारकों ने मजबूत आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने, उद्योग के विस्तार को बढ़ावा देने और प्रशिक्षित कार्यबल तैयार करने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की आवश्यकता बताई। नीति आयोग ने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझाव शांति अधिनियम, 2025 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए तैयार किए जा रहे संस्थागत ढांचे को और मजबूत बनाने में सहायक होंगे।

## फटाफट खबरें

### ई20 पेट्रोल सुरक्षित! ऑटो डीलरों को नहीं मिली एक भी शिकायत

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने कहा है कि उसे देश भर में अपने 30,000 डीलरों के नेटवर्क से ई20 पेट्रोल से जुड़ी एक भी लिखित शिकायत नहीं मिली है। इससे सरकार के उस दावे को बल मिलता है कि उच्च एथेनॉल-मिश्रित ईंधन वाहनों के लिए सुरक्षित है। फाडा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एसोसिएशन ने अपनी जनरल काउंसिल से संपर्क किया, जिसमें विभिन्न राज्यों और वाहन सेगमेंट के 60-65 डीलर प्रतिनिधि शामिल हैं। उनसे यह जानने की कोशिश की गई कि क्या ग्राहकों ने ई20 पेट्रोल से जुड़ी कोई समस्या बताई है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी एक भी समस्या नहीं मिली है जिसमें ग्राहक ने ई20 ईंधन की वजह से किसी तरह की दिक्कत की बात कही हो। यह बयान पुराने वाहनों में ई20 के इस्तेमाल पर सोशल मीडिया पर चल रही बहस के बीच आया है, जहां इंजन खराब होने, जंग लगने और माइलेज घटने जैसे दावे किए जा रहे थे। इन चिंताओं को दूर करने के लिए, फाडा ने ओईएम के साथ मिलकर देश भर में जागरूकता अभियान शुरू किया है।

### जगुआर लैंड रोवर जैसी लक्जरी गाड़ियां सस्ती होंगी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई।** भारत सरकार ने ब्रिटेन से कार और वाहनों के आयात पर रियायती शुल्क फायदों पर एक अधिसूचना जारी की है, जो हाल ही में लागू होने वाले भारत-ब्रिटेन समग्र आर्थिक एवं व्यापार समझौते का हिस्सा है। इस समझौते के तहत जहां अगले 15 वर्षों में आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से कम होगा, वहीं भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए ब्रिटेन में इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात के नए और बड़े अवसर खुलेंगे। इस समझौते के तहत, भारत वाहनों पर आयात शुल्क को मौजूदा लगभग 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर देगा। यह कटौती शुल्क दर कोटे के माध्यम से 15 साल की अवधि में चरणबद्ध ढंग से की जाएगी, जिसमें भारत के घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण पारिस्थितिकीतंत्र को भी सुरक्षित रखा जाएगा। उद्योग के सूत्रों के अनुसार, इस कदम से भारत के प्रीमियम वाहन बाजार में तुरंत कोई बड़ी रुकावट आने की उम्मीद नहीं है।

## यस बैंक को मिला ग्लोबल रेटिंग्स का सहारा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** यस बैंक के निवेशकों के लिए एक और खुशखबरी है। देश और विदेश की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने बैंक की क्रेडिट प्रोफाइल में लगातार हो रही मजबूती को दशार्ते हुए कई सकारात्मक रेटिंग एक्शन की घोषणा की है। उम्मीद है कि इसका असर सोमवार को यस बैंक के शेयरों पर देखने को मिलेगा, क्योंकि बैंक के फंडामेंटल में लगातार सुधार हो रहा है और शेयरों में पिछले कुछ सत्रों से तेजी जारी है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने यस बैंक को बीबी+ की शुरूआती लॉन्ग-टर्म इश्यूअर क्रेडिट रेटिंग दी है, जिसका आउटलुक स्टेबल (स्थिर) है। यह रेटिंग मूडीज रेटिंग्स की बीए1 (स्टेबल) रेटिंग के अनुरूप है, जो उसने मई में बैंक की रेटिंग अपग्रेड करते समय दी थी। एसएंडपी ने यह रेटिंग देते समय बैंक के सबसे बड़े शेयरहोल्डर, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन (एसएमबीसी) से लगातार और असाधारण सपोर्ट मिलने की उम्मीद को ध्यान में रखा है। यह एसएमबीसी ग्रुप के लिए यस बैंक के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है।

## आईक्यूओओ 16 भारत में लॉन्च होने की संभावना कम: रिपोर्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

भारत में आईक्यूओओ के अगले फ्लैगशिप स्मार्टफोन, आईक्यूओओ 16, का इंतजार कर रहे ग्राहकों को निराशा हो सकती है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, उच्च कंपोनेंट लागतों के कारण इस डिवाइस को भारतीय बाजार में शायद लॉन्च न किया जाए। हालांकि, कंपनी की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, इसलिए फिलहाल इसे एक रिपोर्ट और लीक के तौर पर ही समझा जाना चाहिए। कुल मिलाकर, इस डिवाइस के भारत में लॉन्च को लेकर सवालिया निशान लग रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईक्यूओओ भारत में अपने फ्लैगशिप लॉन्च योजनाओं पर फिर से विचार कर रहा




है और संभव है कि इसे रद्द कर दिया जाए। इसका मुख्य कारण रैम और स्टोरेज जैसे मेमोरी कंपोनेंट्स की बढ़ती कीमतें बताई जा रही हैं। यदि आईक्यूओओ 16 को भारत में उतारा जाता है, तो इसकी कीमत 85,000 रुपये से अधिक हो सकती है। यह कंपनी की मौजूदा रणनीति के विपरीत होगा, जो अपने फ्लैगशिप फोन्स को अन्य विकल्पों की तुलना में कम कीमत पर पेश करने के लिए जानी जाती है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि कंपनी फिलहाल भारत में अपने फ्लैगशिप पोर्टफोलियो की बजाय जेड-सीरीज पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकती है। इसका मतलब है कि आने वाले समय में बजट और मिड-रेंज स्मार्टफोन कंपनी की प्राथमिकता बन सकते हैं। हालांकि, कुछ समय पहले आईक्यूओओ 16 को लेकर लीक्स सामने आए थे, जिनमें सितंबर 2026 के आसपास चीन में इसके लॉन्च होने की उम्मीद जताई गई थी। इन लीक्स में क्वालकॉम के अगले स्नैपड्रैगन 8 एलीट जेन 6 प्रो प्रोसेसर और 8500 एमएएच की बड़ी बैटरी जैसे प्रीमियम हार्डवेयर का जिक्र था।

## ब्रिक्स देशों को भविष्य के अनुकूल परिवहन व्यवस्था के लिए मिलकर करना होगा काम : गडकरी

» **दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ब्रिक्स समूह में टिकाऊ, सुरक्षित, समावेशी और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए परस्पर सहयोग बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए सभी देशों से मिलकर काम करने का आ'ान किया है। श्री गडकरी ने नागपुर ब्रिक्स देशों के परिवहन मंत्रियों की तीसरी बैठक का उद्घाटन करते हुए शनिवार को कहा कि बैठक में विचार के लिए परिवहन व्यवस्था का जो एजेंडा तैयार किया है ,वह महत्वपूर्ण है क्योंकि बदलती अर्थव्यवस्थाओं के लिए परिवहन भविष्य की सबसे बड़ी चुनौती है और इस चुनौती पर समूह के सभी देशों का मिलकर ध्यान देना आवश्यक हो गया है।

उन्होंने कहा कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच परिवहन क्षेत्र में सहयोग से काम करने की जरूरत है क्योंकि ब्रिक्स देशों में अर्थव्यवस्थाएं तेजी से बदल रही हैं और बदलती अर्थव्यवस्थाओं के बीच इस समूह में नवाचार, साझेदारी और साझा जिम्मेदारी के जरिए पूरी वैश्विक परिवहन व्यवस्था की दिशा तय करने की क्षमता है। नागपुर में भारत की अध्यक्षता में आयोजित तीसरी ब्रिक्स परिवहन मंत्रियों की बैठक



की अध्यक्षता करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता का विषय 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी' है, जो 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना और 'मानवीयता प्रथम' दृष्टिकोण से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि विश्व की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले ब्रिक्स देश स्वच्छ, सुरक्षित, स्मार्ट और दक्ष परिवहन प्रणाली विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क विकसित किया है तथा एक्सेस-कंट्रोल्ड एक्सप्रेसवे और मल्टीमॉडल संपर्क का तेजी से विस्तार किया है।

दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारा, सोनमर्ग सुरंग और 10 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाएं आधुनिक अवसंरचना, पर्यावरण संरक्षण और तकनीकी नवाचार के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण हैं।

## शांति अधिनियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर नीति आयोग की अहम बैठक, तीन प्रमुख क्षेत्रों पर हुई चर्चा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई**

नीति आयोग ने 'शांति अधिनियम 2025' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की, जिसमें सरकार, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने कानून के विभिन्न पहलुओं पर अपने सुझाव दिए, जो इसके क्रियान्वयन ढांचे को और मजबूत बनाने में सहायक होंगे।

नीति आयोग के अनुसार, इस बैठक में सरकार, नीति-निर्माताओं, शोध संस्थानों और उद्योग से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया। चर्चा का मुख्य उद्देश्य शांति अधिनियम 2025 के संचालन को प्रभावी और व्यावहारिक बनाना था।

बैठक में चर्चा को कानून के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तीन प्रमुख स्तंभों के आधार पर आयोजित किया गया।

पहला, विधायी और नियामकीय ढांचा। इस सत्र में शांति अधिनियम 2025 के तहत तैयार किए गए ड्राफ्ट नियमों, विनियमों और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति से जुड़े प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई।

विशेषज्ञों ने कानून के तहत वैधानिक अनुपालन की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया। साथ ही इस बात पर भी चर्चा हुई कि किस तरह विदेशी निवेश आकर्षित किया जाए, जबकि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हित पूरी तरह सुरक्षित रहें। दूसरा, वित्त, बीमा और जनविश्वास। इस सत्र में कानून के सफल क्रियान्वयन



> **विशेषज्ञों ने कानून के तहत वैधानिक अनुपालन की प्रक्रिया पर विचार-विमर्श किया। साथ ही इस बात पर भी चर्चा हुई कि किस तरह विदेशी निवेश आकर्षित किया जाए, जबकि देश के रणनीतिक और राष्ट्रीय हित पूरी तरह सुरक्षित रहें।**

के लिए आवश्यक वित्तीय व्यवस्था और जोखिम प्रबंधन पर चर्चा की गई।

इसमें दीर्घकालिक परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए उपयुक्त बीमा व्यवस्था तैयार करने और आम लोगों के बीच जागरूकता, विश्वास और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं की स्वीकार्यता बढ़ाने की रणनीतियों पर भी विचार किया गया।

और तीसरा, विनिर्माण, संचालन और क्षमता निर्माण, जिसमें कानून के लागू होने के बाद की संचालन प्रक्रिया पर चर्चा हुई। इस सत्र में घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने, परियोजनाओं की संचालन संबंधी तैयारियों को मजबूत करने और कुशल मानव संसाधन विकसित करने पर जोर दिया गया। हितधारकों ने सप्लाई चेन को अधिक मजबूत और लचीला बनाने तथा उद्योग के विस्तार के लिए विशेष क्षमता निर्माण कार्यक्रम तैयार करने पर भी सुझाव दिए। यह बैठक नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर अभय करंदीकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। शांति अधिनियम 2025 का उद्देश्य भारत को परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और विकसित भारत 2047 के तहत निर्धारित स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करना है।

# युवक ने विवाहित महिला के सामने किया फांसी लगाने का प्रयास, गंभीर

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई**



एनआईटी-5 क्षेत्र स्थित एक होटल में शुक्रवार को 22 वर्षीय युवक ने होटल के कमरे के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक एक विवाहित महिला के साथ होटल में पहुंचा था, जहां दोनों के बीच शादी की बात को लेकर विवाद हो गया।इसके बाद युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया।सूचना मिलते ही एनआईटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की पहचान 22 वर्षीय मुरारी के रूप में हुई है। वह मूलरूप से बिहार का निवासी है और वर्तमान में दिल्ली के लक्ष्मी नगर में रहता है। होटल में उसके साथ मौजूद महिला बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 की रहने वाली है। महिला ने बताया कि वह भी मूल रूप से बिहार की रहने वाली है, शादीशुदा है और उसका एक बच्चा भी है। दोनों पिछले करीब ढाई साल से एक-दूसरे को जानते हैं और निजी कंपनियों में नौकरी करते हैं। महिला के अनुसार, युवक काफी समय से उस पर शादी करने का दबाव बना रहा था। इसी विषय पर बातचीत करने के लिए दोनों होटल में मिले थे।

फंदा युवक के गले में फंस गया था, लेकिन वजन अधिक होने के कारण चुन्नी टूट गई और युवक नीचे जमीन पर गिर पड़ा। गिरने से उसे चोट भी आई। घटना के बाद घबराई महिला ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एनआईटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया।

# शांति निकेतन को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी फर्जीवाड़े में ईडी का कई ठिकानों पर छापा, तलाशी अभियान

» **गुरुग्राम, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

शांति निकेतन को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी फर्जीवाड़े में ईडी गुरुग्राम की टीम ने कई ठिकानों पर रेड की है। बृहस्पतिवार को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत मंगल सैन मित्तल, अनिल शर्मा और उनके सहयोगियों तथा दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम में स्थित व्यावसायिक संस्थाओं के आठ आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में ईडी ने तलाशी अभियान चलाया।

शांति निकेतन को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड (एसजीएचएस) के सदस्यों को कथित तौर पर धोखा देने के आरोप में अनिल शर्मा, अरुण शर्मा, मंगल सैन मित्तल और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन सुशांत लोक, गुरुग्राम में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की। आरोपियों पर शांति निकेतन को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड के सदस्यों को धोखा देने का आरोप है।

जांच में पता चला कि मंगल सैन (उस समय सोसाइटी के अध्यक्ष) ने अनिल शर्मा और अरुण शर्मा (मिस कॉनोइसर इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड/




सीआईपीएल के निदेशक) के साथ मिलकर धोखाधड़ी से सोसाइटी पर कब्जा कर लिया। सदस्यों के धन का दुरुपयोग किया, फर्जी सदस्यों को भर्ती किया, आधिकारिक रिकॉर्ड छुपाए और बड़ी मात्रा में धन एकत्र करने के बाद आवास परियोजना को बीच में ही छोड़ दिया।

जांच और तलाशी अभियान के दौरान पता चला कि स्वीकृत सदस्यता की सीमा 98 के मुकाबले अनिल शर्मा और मंगल सैन ने अवैध रूप से 34 अनधिकृत सदस्यताएं बेचीं। आरोपियों ने फ्लैटों (जिनकी कीमत 3,500 रुपये से 4,000 रुपये प्रति वर्ग फुट थी) की बिक्री और वसूली के लिए दोहरी भुगतान प्रणाली का संचालन किया। इसमें आधिकारिक बैंक खातों और नकद दोनों माध्यमों का इस्तेमाल किया गया। अब तक की जांच से पता चला है कि कुल लगभग 90.50 करोड़ रुपये की वसूली हुई है, जिसमें बैंकिंग माध्यमों और नकद दोनों से प्राप्त राशि शामिल है।

जांच में यह भी पता चला कि सोसाइटी की धनराशि को आरोपियों द्वारा नियंत्रित व्यावसायिक संस्थाओं में स्थानांतरित किया गया था। बैंक खातों की जांच से इन निधियों के बाद के हेरफेर और हेरफेर का पता चलता है, जिसमें मेसर्स कॉनोइसर इंफ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड और अनिल शर्मा के खातों में जमा 12 करोड़ रुपये नकद भी शामिल हैं।

तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न डिजिटल उपकरण, आपत्तिजनक दस्तावेज, संपत्ति संबंधी दस्तावेज, धन के गबन से संबंधित जानकारी आदि बरामद कर जब्त किए गए। इसके अलावा, तलाशी के दौरान ईडी द्वारा जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 6.63 करोड़ रुपये है। इसमें 55 लाख रुपये की बेहिसाब नकदी, 1.85 करोड़ रुपये का सोना, 1.95 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और लगभग 100 किलोग्राम चांदी (2.28 करोड़ रुपये) शामिल हैं। इस कार्यवाही के दौरान आरोपियों के कई संबंधित बैंक खाते भी फ्रीज कर दिए गए।

# स्टार्ट करते ही इलेक्ट्रिक स्कूटी में लगी आग, मची अफरा-तफरी

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में शुक्रवार सुबह स्टार्ट करते ही इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। आग लगने के बाद स्कूटी की बैटरी तेज धमाके के साथ फट गई। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

एम-1/513 निवासी गिरीश मित्तल सुबह कार्यालय जाने के लिए सी-1 टावर की पार्किंग में लगी स्कूटी के पास पहुंचे। जैसे ही उन्होंने स्कूटी में चाबी लगाकर



उसे स्टार्ट करने का प्रयास किया, उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते तेज धमाके के साथ बैटरी भी फट गई। घटना की सूचना मिलते ही रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) कार्यालय से राहुल त्यागी, प्लंबर अजय, अर्जुन और अमित तत्काल मौके पर पहुंचे। उनके साथ सोसाइटी के सुरक्षा गार्डों ने भी पूरी तत्परता और मेहनत से आग बुझा दी। धुआं सी-1 टावर के कई फ्लैटों में भर गया। कई निवासी एहतियातन अपने घरों से बाहर निकल आए। पार्किंग क्षेत्र में खड़े अन्य वाहनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। निवासियों ने जिलाधिकारी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और विद्युत विभाग से एनओसी और सुरक्षा मानकों की जांच करने की मांग की है।

एओए सचिव एके दोहरे ने बताया कि जो लोग ईवी वाहन ले रहे हैं, वह कोई सूचना नहीं दे रहे हैं। किसी विभाग से कोई गाइडलाइन भी नहीं मिली है। हमने ऐसे वाहन मालिकों को नोटिस जारी को विद्युत विभाग के नियमों का पालन करने को कहा है। इस संबंध में विद्युत विभाग से भी गाइडलाइन की सूचना मांगी है।

# इस्माइलपुर में ट्रांसफार्मर जलने से चार दिन से बिजली गुल, लोगों ने लगाया जाम

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

इस्माइलपुर में गुरुद्वारे के सामने ट्रांसफार्मर जलने के कारण कॉलोनी निवासी पिछले चार दिनों से बिजली संकट का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर जलने के बाद बिजली विभाग की ओर से समय पर कार्रवाई नहीं की गई, जिससे परेशान होकर लोगों को सड़क पर उतरकर विरोध करना पड़ा। स्थानीय निवासी अनीता ने बताया कि गुरुद्वारे के सामने लगे ट्रांसफार्मर से केबलिंग के माध्यम से पीछे की कॉलोनी में बिजली सप्लाई की जाती है। चार दिन पहले अचानक ट्रांसफार्मर जल गया, जिसके बाद कॉलोनी की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया गया और बिजली बहाल नहीं हो सकी। बिजली नहीं होने से लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। गर्मी के मौसम




में बिना बिजली के रहना मुश्किल हो गया है। घरों में पानी की मोटर नहीं चल पा रही, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और बुजुर्गों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि बिजली जैसी मूलभूत सुविधा के लिए उन्हें कई दिनों तक परेशान होना पड़ रहा है। निवासियों ने मांग की है कि खराब ट्रांसफार्मर को जल्द बदला जाए और बिजली व्यवस्था को सुचारु किया जाए, ताकि कॉलोनी के लोगों को राहत मिल सके।

# म्यूजिक प्रोड्यूसर से गैंगस्टर बना दीपक नांदल, विदेश भागकर और कुख्यात हुआ

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** हरियाणा और पंजाब की म्यूजिक इंडस्ट्री में म्यूजिक प्रोड्यूसर से गैंगस्टर बना दीपक नांदल विदेश भागने के बाद और कुख्यात हो गया है। 2023 में भारत से दुबई के बाद वो अब यूके में छिपा हुआ है। विदेश भागने के बाद अब वो अवैध वसूली के खेल में उतर आया है। हरियाणा के अलग-अलग जिलों से वो नौजवानों को अपनी गैंग में शामिल कर लगातार फिरौती के लिए गोलियां चलवाने और न देने पर हत्या करवा रहा है। विदेश में बैठे गैंगस्टर दीपक नांदल पर हरियाणा में 12 से ज्यादा मामले दर्ज है। इनमें से छह से ज्यादा मामले अकेले गुरुग्राम में दर्ज है। दीपक नांदल ने बतौर म्यूजिक प्रोड्यूसर बादशाह और राहुल फाजिलपुरिया जैसे देश के बड़े म्यूजिक स्टार्स के साथ काम किया।

# मकान विवाद में कोर्ट ने 2025 की रजिस्ट्री की रद्द

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**

सेक्टर-28 स्थित 250 वर्गगज के मकान को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) नवीन कुमार-प्रथम की अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने तीसरे पक्ष के आपत्तिकर्ता विजय कुमार भगत और हरीश कुमार केशवानी के पक्ष में निर्णय देते हुए छह मई 2025 को दीपक पांडेय के नाम हुई रजिस्ट्री रद्द कर दी। साथ ही दोनों को दोबारा मकान का कब्जा दिलाने के आदेश दिए हैं।

51 पृष्ठों के आदेश में अदालत ने माना कि आपत्तिकर्ताओं ने 11 अक्तूबर 2004 के बिक्री समझौते, नौ नवंबर 2004 के इकरारनामा, बिक्री राशि के भुगतान, कब्जा मिलने और मूल दस्तावेज के साक्ष्य पेश किए हैं। अदालत ने कहा कि बाद में 14 दिसंबर 2007 के समझौते और उसके आधार पर दायर दीवानी वाद के दौरान 2004 के पहले हुए सौदे और आपत्तिकर्ताओं के कब्जे की जानकारी न्यायालय से छिपाई गई। इसी कारण 22 नवंबर 2022 की डिक्री और उसके आधार पर छह मई 2025 को हुई रजिस्ट्री को आपत्तिकर्ताओं के अधिकारों पर बाध्यकारी नहीं माना गया।

न्यायालय ने सब-रजिस्ट्रार को रजिस्ट्री निरस्त करने संबंधी आवश्यक प्रविष्टियां दर्ज करने व बेलिफ को तत्काल कब्जा वारंट जारी कर मकान का कब्जा विजय कुमार भगत और हरीश कुमार केशवानी को सौंपने के निर्देश दिए हैं। यदि विरोध होता है तो आवश्यक प्रक्रिया अपनाते हुए ताला तोड़ने तक की अनुमति भी दी गई है। संबंधित थाना प्रभारी को पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं।

अदालत ने आर.के. तनेजा, दीपक पांडेय और साहिल तनेजा को संपत्ति का हस्तांतरण



**□ न्यायालय ने सब-रजिस्ट्रार को रजिस्ट्री निरस्त करने संबंधी आवश्यक प्रविष्टियां दर्ज करने व बेलिफ को तत्काल कब्जा वारंट जारी कर मकान का कब्जा विजय कुमार भगत और हरीश कुमार केशवानी को सौंपने के निर्देश दिए हैं। यदि विरोध होता है तो आवश्यक प्रक्रिया अपनाते हुए ताला तोड़ने तक की अनुमति भी दी गई है। संबंधित थाना प्रभारी को पुलिस सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं।**

करने या तीसरे पक्ष का अधिकार बनाने से भी रोक दिया है। साथ ही रिकॉर्ड के आधार पर प्रथमदृष्टया आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी और अन्य अपराधों की जांच के लिए पुलिस आयुक्त फरीदाबाद को निर्देश दिए हैं। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि आपराधिक जिम्मेदारी का अंतिम निर्धारण जांच और साक्ष्यों के आधार पर होगा। दीपक पांडेय पर 25 हजार रुपये का वाद व्यय भी लगाया गया है।


## संक्षिप्त खबरें

### कारखाने पर छापा, 2500 जब्त नकली किताब जब्त

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** कुछ पब्लिशर्स के नाम का प्रयोग करके किताब छापने वाले कारखाने पर लिंक रोड थाना पुलिस ने कंपनी कर्मचारियों के साथ शुक्रवार को छापा मारा। औद्योगिक क्षेत्र साइट चार स्थित एक फैक्टरी में नकली पुस्तकें छापने का काम चल रहा था। टीम ने मौके से ढाई हजार से अधिक नकली किताबें बरामद की हैं। पुलिस ने कॉपी राइट एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि दिल्ली शाहदरा निवासी अधिवक्ता ललित सरधना ने लिंक रोड थाना पुलिस को सूचना दी कि भारती भवन पब्लिशर्स, धनपत राय पब्लिकेशन और एस चंद कंपनी के लिए अधिकृत हैं। तीनों कंपनियों के नाम से बाजार में नकली स्कूली पुस्तकें बेची जा रही हैं। जांच पड़ताल की गई तो गाजियाबाद में नकली पुस्तकें छापने का काम किया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कंपनी कर्मचारियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र साइट-चार स्थित बताई गई फैक्टरी में छापा मारा। इस फैक्टरी के मालिक जुल्फीकार अली बताए गए, लेकिन वह मौके से भाग गए। पुलिस को मौके से कक्षा नौवीं और दसवीं की 2500 से ज्यादा कॉपी राइट की किताबें मिलीं। पुस्तकों को तीनों कंपनी के पब्लिसर्श के नाम से छापा जा रहा था।

### शालीमार गार्डन में मकान का छज्जा गिरा, बड़ा हादसा होने से बचा

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1 स्थित प्लॉट नंबर 330 के सूर्या पार्क में एक मकान का छज्जा शुक्रवार देर रात अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय आसपास लोगों की आवाजाही कम होने से बड़ा हादसा होने से बच गया। राहत की बात यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी आशीष ने बताया कि जर्जर निर्माण और समय पर रखरखाव नहीं होने से ऐसी घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से भवनों की जांच कराने की मांग की। साथ ही लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों और पुरानी इमारतों की समय-समय पर जांच कराएं तथा किसी भी जर्जर हिस्से की तत्काल मरम्मत कराकर सुरक्षा को प्राथमिकता दें।




## नुसरत भरूचा का वर्क फ्रॉम होम पोस्ट हुआ वायरल

आज के दौर में जब घर से काम करना एक आम बात हो गई है, तो ऐसे में काम के दौरान ध्यान भटकना भी एक सामान्य अनुभव बन चुका है। लेकिन अभिनेत्री नुसरत भरूचा के लिए यह ध्यान भटकाने वाला तत्व कोई सोशल मीडिया या फोन नहीं, बल्कि मानसून का मनमोहक और सुकून भरा नजारा है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने घर पर वर्कआउट करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिनमें उनकी फिटनेस के साथ-साथ बारिश से सराबोर खूबसूरत माहौल ने भी सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। तस्वीरों में नुसरत भरूचा अपनी फिटनेस के प्रति समर्पण दिखाती नजर आ रही हैं। वह एक सफेद स्पोर्ट्स टॉप, चमकीले लाल रंग के शॉर्ट्स और मैचिंग स्नीकर्स पहने हुए हैं। इन दृश्यों में वह डंबल्स के साथ विभिन्न एक्सरसाइज करती, स्क्वैट्स लगाती और स्ट्रेचिंग करती दिखाई दे रही हैं, जो उनकी अनुशासित जीवनशैली को दर्शाता है। एक ओर जहां वह अपने शरीर को फिट रखने में जुटी हैं, वहीं दूसरी ओर उनके बैकग्राउंड में उनकी बालकनी से दिखने वाला हरा-भरा नजारा और रिमझिम बारिश ने पूरे माहौल को और भी खास बना दिया है।

**वेलकम टू द जंगल जैसी व्यावसायिक सफलता का आनंद ले रहीं दिशा इस गंभीर और भावनात्मक कहानी कहने की शैली में भी पूरी तरह सहज नजर आती हैं, जो आवारापन की पहचान रही है। इमरान हाशमी के साथ उनकी जोड़ी भी बेहद स्वाभाविक और गहरी लगती है। इमरान का सधा हुआ अभिनय हमेशा उन कलाकारों के साथ सबसे प्रभावशाली रहा है जो अनावश्यक रूप से ध्यान आकर्षित करने की कोशिश नहीं करते, और दिशा इस लय को बखूबी समझती हैं।**

# आवारापन 2 में दिशा पाटनी का भावुक अवतार






फिल्म आवारापन 2 का बहुप्रतीक्षित पहला गाना वे जुनून आखिरकार दर्शकों के सामने आ गया है, और इसने अपनी भावनात्मक गहराई से तुरंत सबका ध्यान खींच लिया है। यह गीत उस संवेदनशील और तड़प भरी दुनिया के प्रति पूरी तरह से ईमानदार रहता है, जिसके लिए मूल आवारापन फ्रेंचाइजी को आज भी याद किया जाता है। हालांकि, इस गाने में सबसे अधिक प्रभावित करने वाला पहलू अभिनेत्री दिशा पाटनी की उपस्थिति है। वह इमरान हाशमी के साथ एक नई और ताजा केमिस्ट्री लेकर आई हैं, लेकिन इस ताजगी के साथ उन्होंने फिल्म के उस भावनात्मक माहौल को कहीं भी कम नहीं होने दिया, जिसने पहली फिल्म को कल्ट क्लासिक का दर्जा दिलाया था। वे जूनन की कहानी मुख्य रूप से इमरान हाशमी के किरदार की तड़प, तलाश और इंतजार के इर्द-गिर्द घूमती है। उनका किरदार अतीत की यादों में खोया हुआ है, किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश में है जिसे वह भुला नहीं पा रहा। ऐसे में दिशा पाटनी एक ऐसी याद बनकर उभरती हैं, जिसे इमरान का किरदार अपने दिल से निकाल ही नहीं सकता। उनका शांत व्यक्तित्व, उनकी हल्की मुस्कान, एक ठहरी हुई नजर या साथ बिताया गया कोई भी छोटा-सा पल यह स्पष्ट करने के लिए पर्याप्त है कि वह इमरान के किरदार के लिए कितनी मायने रखती हैं। दिशा पाटनी को अक्सर उनकी ऊर्जावान, ग्लैमरस और एक्शन से भरपूर भूमिकाओं के लिए जाना जाता है, लेकिन वे जुनून उन्हें एक ऐसा मंच प्रदान करता है जो उनके पिछले अभिनय से बिल्कुल भिन्न है। यहां न कोई भव्य नृत्य है और न ही संवादों का शोर। गीत की शुरूआत में उनकी पहली झलक लाल रंग की पोशाक में वायलिन बजाते हुए दिखाई देती है, जो उनकी शांत और कलात्मक छवि को दर्शाता है। वहीं, एक अन्य दृश्य में वह सफेद रंग की खूबसूरत पोशाक पहनकर प्रार्थना करती नजर आती हैं, जिसमें उनकी सादगी और मासूमियत बेहद मनमोहक लगती है। इस गीत में दिशा को अपने हाव-भाव और आँखों की भाषा से कहानी कहनी थी, और उन्होंने इसे बेहद संयमित, सच्चे और दिल को छू लेने वाले अंदाज में निभाया है। वेलकम टू द जंगल जैसी व्यावसायिक सफलता का आनंद ले रहीं दिशा इस गंभीर और भावनात्मक कहानी कहने की शैली में भी पूरी तरह सहज नजर आती हैं, जो आवारापन की पहचान रही है। इमरान हाशमी के साथ उनकी जोड़ी भी बेहद स्वाभाविक और गहरी लगती है।

## फोटो स्टोरी





नॉर्वे के ओस्लो में आयोजित डायमंड लीग की महिलाओं की 100 मीटर दौड़ जीतने के बाद जश्न मनाती सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड।

## फीफा विश्व कप 2026: स्पेन की जीत में चमके मिकेल मेरिनो बेल्जियम को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में, फ्रांस हो मुकाबला

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर फाइनल में स्पेन ने बेल्जियम को एक रोमांचक मुकाबले में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही स्पेन अब टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रबल दावेदार फ्रांस का सामना करेगा, जो मंगलवार को डलास में होगा। इस मुकाबले में मिकेल मेरिनो ने 88वें मिनट में बेल्जियम के बैकअप गोलकीपर सेने लैमेंस की गलती का फायदा उठाकर गोल दागा, जो स्पेन के लिए निर्णायक साबित हुआ और टीम को जीत मिली। मेरिनो लगातार दूसरे मैच में स्पेन के लिए निर्णायक भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी साबित हुए। 86वें मिनट में मैदान पर आने के ठीक बाद उन्होंने यह महत्वपूर्ण गोल किया। उन्होंने बॉक्स में घुसकर तब गोल दागा जब लैमेंस पाउ कुबार्सी के लंबे शॉट के रिबाउंड को ठीक से नहीं रोक पाए और गेंद उनके हाथ से फिसल गई। मेरिनो ने पिछले मैच में भी स्पेन की पुर्तगाल पर 1-0 की जीत में इंजरी टाइम के शुरूआती समय में सब्स्टीट्यूट के रूप में मैदान पर आकर गोल किया था, जिसने उनकी सुपर-सब की भूमिका को और मजबूत किया है। गोलकीपर लैमेंस को 71वें मिनट में मैदान में उतरना पड़ा था, क्योंकि बेल्जियम के लंबे समय से गोलकीपर रहे थिबाउट कर्टोइस को जांघ में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस अप्रत्याशित बदलाव ने बेल्जियम की डिफेंसिव रणनीति पर थोड़ा असर डाला, जिसका फायदा अंततः स्पेन को मिला।

## मेसी पूरी तरह फिट हैं और क्वार्टर फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार: लियोनेल स्कालोनी

**» कैनसस सिटी, यूटर्न/ 11 जुलाई ।**



अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने कप्तान लियोनेल मेसी की फिटनेस को लेकर उठ रही चिंताओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि 39 वर्षीय मेसी स्विट्जरलैंड के खिलाफ होने वाले फीफा वर्ल्ड कप 2026 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले के लिए पूरी तरह फिट हैं और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए तैयार हैं।

कैनसस सिटी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले से पहले स्कालोनी ने कहा कि टीम के आंकड़े बताते हैं कि मेसी अभी भी उतना ही काम कर रहे हैं, जितना वह पिछले टूर्नामेंटों में करते थे। उनके वर्कलोड में कोई बड़ी कमी या बढ़ोतरी नहीं हुई है। स्कालोनी ने कहा, 'वह पहले से ज्यादा या कम नहीं दौड़ रहे हैं। उनके आंकड़े नहीं बदले हैं। टीम उन्हें पूरा समर्थन देती है। उन्होंने अपने फिटनेस कोच के साथ अच्छी तैयारी की है और इसका फायदा उन्हें मिल रहा है। वह मैदान पर अपना सब कुछ दे रहे हैं।' मेसी इस वर्ल्ड कप में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अब तक आठ गोल किए हैं और फ्रांस के कप्तान काइलियन एम्बाप्पे के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। खास बात यह है कि एम्बाप्पे ने मेसी से एक मैच ज्यादा खेला है। स्कालोनी ने कहा कि उम्र बढ़ने के बावजूद मेसी की गोल करने की क्षमता और मैच पर असर डालने की ताकत कम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि जो लोग मेसी को करीब से जानते हैं, वे उनकी मेहनत और जुनून से अच्छी तरह वाकिफ हैं। उन्होंने कहा, 'जो लोग उन्हें नहीं जानते, वे शायद सोच सकते हैं कि 39 साल की उम्र में वह अब पहले जैसे नहीं रहे, लेकिन जब तक वह खेलना चाहते हैं, वह इसी तरह प्रदर्शन करते रहेंगे। जो लोग उन्हें ट्रेनिंग करते देखते हैं, वे जानते हैं कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं। उनके साथी खिलाड़ी भी यही कहते हैं कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं।' स्कालोनी ने यह भी साफ किया कि मेसी को पेनल्टी लेने की पूरी आजादी रहेगी। टूर्नामेंट में दो पेनल्टी मिस करने के बावजूद कोच ने अर्जेंटीना के कप्तान पर अपना भरोसा कायम रखा है। उन्होंने कहा, 'मेरे दिमाग में कभी यह बात नहीं आई कि उन्होंने पेनल्टी लेने की जिम्मेदारी बदलने के लिए कहूं। वह खुद फैसला करते हैं कि उन्हें क्या करना है।' कोच ने बताया कि मैदान पर मेसी को अपनी स्थिति तय करने की भी पूरी स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि टीम के बाकी खिलाड़ी मेसी की सोच और खेल को समझते हैं और उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाते हैं। मिस्र के खिलाफ राउंड ऑफ 16 मुकाबले में मेसी ने कई बार अपनी पोजीशन बदली थी। वह राइट फ्लैंक की ओर गए, जिससे टीम को फायदा मिला और उनके मूवमेंट से क्रिस्टियन रोमेरो को हेडर के जरिए गोल करने का मौका मिला। इसके बाद मेसी ने भी मुकाबले में अहम गोल दागा था।

# वियतनाम में भारतीय पर्यटकों से भरी नाव पलटी , 15 की मौत

» हनोई, यूटर्न/ 11 जुलाई ।

वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को भारतीय पर्यटकों को लेकर जा रही एक नाव पलट गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 लोगों को बचाकर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

स्थानीय प्रशासन राहत एवं बचाव अभियान चला रहा है। वियतनाम में भारतीय दूतावास ने बताया कि हादसे के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

हनोई स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कुछ घंटे पहले फु क्वोक द्वीप के पास कई भारतीय पर्यटकों को लेकर जा रही एक नाव पलटने की दुखद घटना हुई है। स्थानीय प्रशासन



द्वारा खोज एवं बचाव अभियान जारी है और घटना के सटीक विवरण जुटाए जा रहे हैं।'

पीड़ित परिवारों की सहायता और जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भारतीय वाणिज्य दूतावास (हो ची मिन्ह सिटी) में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किया गया है। इसके अलावा हनोई में भी एक अलग नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

स्थानीय समाचार वेबसाइट वीएनएक्सप्रेस के अनुसार, हादसे का शिकार हुई स्पीडबोट में 32 भारतीय पर्यटक, एक टूर गाइड और चालक दल के चार सदस्य सवार थे।

रिपोर्ट के मुताबिक, फु क्वोक विशेष आर्थिक क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ, जब ओशन पर्ल आइलैंड कंपनी की स्पीडबोट में अचानक तकनीकी खराबी आ गई और वह पलट गई।

आसपास मौजूद कई पर्यटक नौकाएं तुरंत बचाव के लिए मौके पर पहुंचीं। एन थोई पोर्ट बॉर्डर गार्ड स्टेशन के अनुसार, हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो महिलाएं और 13 पुरुष शामिल हैं। वहीं, बचाए गए 21 लोगों को आपात चिकित्सा उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है।

बचाव अभियान के लिए बॉर्डर गार्ड स्टेशन ने 35 अधिकारियों और जवानों के साथ दो जहाज तैनात किए हैं। नौसेना और तटरक्षक बल भी राहत एवं बचाव अभियान में सहयोग कर रहे हैं। फु क्वोक के पास स्थित मे रुट न्गोआई द्वीप कोरल रीफ डाइविंग के लिए प्रसिद्ध है। यहां पहुंचने के लिए पर्यटक आमतौर पर 20 से 40 मिनट की स्पीडबोट या नाव यात्रा करते हैं।

## फटाफट खबरें

### रूस से तेल खरीद पर भड़का यूएस, कहा- तो लगा देंगे भारी टैरिफ?

**वॉशिंटन, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों की मुश्किलें जल्द ही बढ़ सकती हैं, क्योंकि अमेरिका इन देशों पर कड़े प्रतिबंध लगाने की तैयारी में है। हाल ही में, चार प्रभावशाली अमेरिकी सीनेटरों ने घोषणा की कि उन्होंने ट्रंप प्रशासन के साथ एक समझौते पर सहमति व्यक्त की है, जिसके तहत रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने वाले एक अद्यतन कानून को आगे बढ़ाया जाएगा। भारत के लिए यह एक गंभीर खतरे की घंटी है। जून 2025 में ही सीनेटर ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए लिखा था, चीन और भारत के लिएः यदि आप पुतिन की वॉर मशीन को बढ़ावा देना जारी रखते हैं, तो इसके लिए आप खुद के अलावा किसी और को दोष नहीं दे पाएंगे। यह टिप्पणी स्पष्ट रूप से भारत के रूस के साथ ऊर्जा व्यापार को लक्षित करती थी। दरअसल, रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिकी ट्रेजरी ने एक जनरल लाइसेंस जारी किया था, जिसके तहत भारत को अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना किए बिना रूसी ऊर्जा खरीदने की अनुमति दी गई थी। लेकिन यह लाइसेंस 17 जून को समाप्त हो चुका है। ऐसे में, यदि अमेरिका का यह नया प्रतिबंध कानून लागू होता है, तो भारत पर इसका सीधा दबाव देखने को मिल सकता है।

### वेनेजुएला में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,118 हुई, बचाव अभियान जारी



**काराकास, यूटर्न/ 11 जुलाई ।** वेनेजुएला में 24 जून को आए भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,118 हो गई है, जबकि सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में मलबा हटाने का काम जारी है। वेनेजुएला नेशनल असेंबली के प्रेसिडेंट जॉर्ज रोड्रिगेज के अपडेट में जारी आंकड़ों के मुताबिक, घायलों की संख्या 16,740 बनी हुई है। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कुल 6,462 लोगों को बचाया गया है। अपडेट में कहा गया है कि 86,794 परिवारों को मदद मिली है, जबकि 17,266 लोग देश भर में 89 टेम्परी कैंपों में रह रहे हैं। और 17,907 लोग बेघर हो गए हैं क्योंकि उनके घर खराब हो गए हैं या तबाह हो गए हैं। पूरे देश में 30,076 लोग, 29,843 स्वयंसेवक और 3,454 अंतरराष्ट्रीय बचाव दल तैनात हैं और बचाव अभियान जारी है। अपडेट में कहा गया है कि वेनेजुएला में दो भूकंपों के बाद से 1,171 झटके आ चुके हैं। इस बीच, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने देश में हाल ही में आए भूकंप के पीड़ितों की मदद के लिए 28 देशों से मिली मानवीय मदद के लिए शुक्रिया अदा किया। उन्होंने यह टिप्पणी कराकास में एक राहत सामग्री संग्रह केंद्र का निरीक्षण करने के बाद की, जहां 24 जून को आए भूकंप के पीड़ितों के लिए बनाए गए अस्थायी राहत शिविरों में वितरण हेतु 2,000 टन से अधिक अंतरराष्ट्रीय सहायता सामग्री को छांटा और व्यवस्थित किया जा रहा है।

## दिवंगत सुप्रीम लीडर की मौत का बदला चाहता है ईरानः मुजतबा खामेनेई

» तेहरान, यूटर्न/ 11 जुलाई ।

ईरान के वर्तमान सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने दिवंगत पिता अयातुल्ला अली खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के बाद सार्वजनिक संदेश जारी किया है। टेलीग्राम और इसके साथ ही आधिकारिक वेबसाइट 'रहबर डॉट आईआर' पर भी शोक संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा, 'मैं अपने पिता के खून का बदला जरूर लूंगा; बदला ही हमारे देश की भी इच्छा है।' मुजतबा खामेनेई ने जनाजे में शामिल लाखों लोगों का आभार जताया। इस्लामिक क्रांति में खामेनेई के योगदान को याद दिलाया। इसके साथ ही इराक, ईरान और अन्य देशों का भी इस लड़ाई में शामिल होने के लिए आ'ान किया। उन्होंने जनाजे में लोगों की भारी मौजूदगी को ऐतिहासिक और दुश्मनों को करारा जवाब देने वाला करार दिया।

## 15 को निगल गया तूफान बावी , अब 3 देशों पर महासंकट

» ताइपे, यूटर्न/ 11 जुलाई ।

फिलीपींस में सुपर टाइफून बावी ने भीषण तबाही मचाई है, जहाँ मूसलाधार बारिश और भूस्खलन के कारण कम से कम 15 लोगों की जान चली गई, जबकि 6 अन्य अभी भी लापता हैं। दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप पर भूस्खलन ने सबसे अधिक कहर ढाया है। अब यह महातूफान प्रशांत महासागर से होते हुए ताइवान, जापान और दक्षिण-पूर्वी चीन की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे इन देशों में भारी खौफ का माहौल है।

बावी को दुनिया के सबसे ताकतवर तूफानों में से एक माना जा रहा है, और फिलीपींस में अपनी विनाशलीला दिखाने के बाद, यह अब पूर्वी एशिया के अन्य हिस्सों के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। खतरे को देखते हुए, प्रभावित होने वाले देशों में बड़े पैमाने पर बचाव और राहत कार्य की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई हैं।ताइवान के मौसम विभाग के अनुसार, बावी तूफान का दायरा करीब 1,000 किलोमीटर का है, जो लगभग फ्रांस के आकार के बराबर है।

ताइवान के लिए इसे पिछले तीन दशकों का सबसे बड़ा तूफान माना जा रहा है। मौसम एजेंसी का अनुमान है कि तूफान के दौरान हवाओं की रफ्तार 190 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे भारी



नुकसान होने की आशंका है। ताइवान के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में 1 मीटर (लगभग 39 इंच) तक मूसलाधार बारिश का अनुमान है, जिससे बाढ़ और भूस्खलन का खतरा कई गुना बढ़ गया है। तूफान की तेज हवाओं का दायरा 380 किलोमीटर का है, जिसके चलते तटीय इलाकों में समुद्र में 9 मीटर तक ऊंची लहरें उठने की आशंका व्यक्त की गई है, जो जहाजों और तटीय बस्तियों के लिए गंभीर खतरा है। ताइवान सरकार ने तूफान के संभावित खतरे को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने तटीय और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों से हाई अलर्ट पर रहने की अपील की है। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए लगभग 29,000 सैनिकों को साजो-सामान के साथ स्टैंडबाय पर रखा गया है।

## मोदी से हाथ मिला लेते तो कर्ज के लिए नहीं तरसता पाकिस्तान

» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 11 जुलाई

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सलाहकार राणा सनाउल्लाह खान ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है, जिसकी राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हो रही है। उन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि इस्लामाबाद ने नई दिल्ली के साथ अपने रिश्तों को सुधारने का एक ऐतिहासिक अवसर गंवा दिया। सनाउल्लाह ने एक पाकिस्तानी टेलीविजन कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2015 की लाहौर यात्रा को पाकिस्तान भुनाने में पूरी तरह नाकाम रहा, और आज देश उसी चूक का खामियाजा भुगत रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के साथ रिश्ते सुधारने का वह कीमती मौका खोने के लिए पाकिस्तान स्वयं जिम्मेदार है। दिसंबर 2015 में प्रधानमंत्री मोदी की अचानक हुई लाहौर यात्रा का जिक्र करते हुए, सनाउल्लाह ने बताया कि यदि उस दौरे को सही तरीके से संभाला गया होता, तो वह स्थायी शांति के नए रास्ते खोल सकता था। सनाउल्लाह के



अनुसार, पाकिस्तान के अंदरूनी राजनीतिक विरोध और आलोचनाओं के कारण उस बेहतरीन कूटनीतिक अवसर का पूरा फायदा नहीं उठाया जा सका। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि आज पाकिस्तान ऐसी स्थिति में है जहाँ वह भारत के साथ बेहतर बातचीत की इच्छा रखता है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों के लिए वह किसी और को दोष नहीं दे सकता। सनाउल्लाह ने पाकिस्तान को अपने अतीत की गलतियों से सीखने और उन्हें स्वीकार करने की नसीहत दी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर भारत के साथ संबंध मजबूत होते, तो इसका सीधा और सकारात्मक लाभ पाकिस्तान की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को मिलता।

## भारत और न्यूजीलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ायाः पीएम लक्सन

» ऑकलैंड, यूटर्न/ 11 जुलाई ।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने शनिवार को घोषणा की कि भारत और न्यूजीलैंड अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। इसका मकसद द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करना और आने वाले सालों में जुड़ाव बढ़ाने के लिए एक बड़ा फ्रेमवर्क देना है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को दोनों देशों के संबंधों में एक अहम पड़ाव बताया और कहा कि यह 40 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का न्यूजीलैंड का पहला



दौरा है।

ऑकलैंड में पीएम मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में प्रधानमंत्री लक्सन ने कहा, 'यह सच में एक ऐतिहासिक घटना है, जैसा कि आपने और मैंने कल रात बात की थी, 40 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का न्यूजीलैंड का पहला दौरा। यह दौरा न्यूजीलैंड-भारत के संबंधों में भी एक अहम पड़ाव है। जब मैं पिछले साल भारत आया था, तो आपने मेरा और मेरे प्रतिनिधिमंडल का बहुत गर्मजोशी और बहुत उदारता से स्वागत किया था।

इसलिए मुझे आपका यहां स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।' द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए पीएम मोदी के व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए उनका शुक्रिया अदा करते हुए, लक्सन ने कहा कि बातचीत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से आगे बढ़ेगी और दोनों देशों के बीच पूरी साझेदारी को बढ़ाने पर फोकस करेगी। उन्होंने आगे कहा, 'इस संबंध के लिए धन्यवाद और इसमें आपने जो भी किया है, उसके लिए भी धन्यवाद। मुझे लगता है कि हमने व्यापार एजेंडा पर बहुत कम समय में जबरदस्त तरक्की की है। लेकिन आज का फोकस सिर्फ एफटीए से कहीं ज्यादा है। यह इस बारे में है कि हम इस संबंधों में आगे कहां जाते हैं और हम इसे कैसे बड़ा करते हैं और मुझे पता है कि हमने ऐसा किया है।

मुझे यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि हम एक रणनीतिक साझेदार बनाने जा रहे हैं जो इस संबंधों को और ज्यादा फ्रेमवर्क और गहराई देगी ताकि हम यहां से आगे बढ़ते हुए इसे और बढ़ा सकें।'

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *